पेड़ के नीचे संदिग्ध दशा में मिला अधेड़ का शव

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम स्थित नौढिया मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब नौ बजे एक ५५ वर्षीय अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में शव आम के पेड़ के नीचे मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर कोखराज थाना पुलिस के साथ सीओ सिराथू सत्येंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे। तकरीबन घंटों मशक्कत के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव के पास शराब की बोतल और पानी मिलने से पुलिस को आशंका है कि कहीं रात को यह अधेड़ शराब पिया होगा और रात भर बाहर खुले में सोने की वजह से इसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक के शरीर पर चोट के निशान कहीं भी नहीं पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब मृतक की फोटो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर युवक की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। पूरे मामले में सिराथू सत्येंद्र तिवारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का वास्तविक कारण पता चल पाएगा।

पंफलेट्स, पोस्टर पर प्रकाशक का नाम छपना अनिवार्य

कौशाम्बी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-२०२६ के दृष्टिगत जनपद के सभी प्रिंटर्स एवं मुद्रक को निर्देश जारी कर दिया है। कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित पंफलेट्स, पोस्टरों, हैंडबिल, प्लेकार्ड या पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्री के मुद्रण और प्रकाशन पर मुखपृष्ठ पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता स्पष्ट रूप से अंकित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा है कि प्रिंटर्स एवं मुद्रक को इच्छुक प्रकाशन से उसकी पहचान के संबंध में घोषणा प्राप्त करनी होगी, जिस पर उसके हस्ताक्षर हों तथा दो ऐसे व्यक्तियों द्वारा सत्यापन किया गया हो, जो उसे व्यक्तिगत रूप से जानते हों। दस्तावेज मुद्रित होते ही, प्रिंटर को घोषणा की एक प्रति तथा दस्तावेज की एक प्रति मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजनी होंगी। यदि दस्तावेज का मुद्रण राज्य की राजधानी में हुआ हो और उसे जिले के जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी चाहिए, जिसमें इसका मुद्रण किसी अन्य दशा में हुआ हो।

जेएनयू में छात्राओं से दुर्व्यवहार का मामला पहुंचा कौशाम्बी

कौशाम्बी। जेएनयू में ११ बालिकाओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में कौशाम्बी में सियासत गरमा गई है। सोमवार की दोपहर एक बजे भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। यूनिवर्सिटी के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की शिकायत पर ११ अक्तूबर को वसंत कुंज नार्थ थाना पुलिस ने कांग्रेस के लोकसभा सांसद व जेएनयू प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दर्ज मुकदमे के बाद मामला गरमाने लगा है। इसकी आंच सोमवार को कौशाम्बी तक पहुंच गई है। घटना के विरोध में प्रदर्शनकारी महिला कार्यकर्ताओं ने जेएनयू में छात्राओं के साथ हुई घटना को शर्मनाक बताते हुए जेएनयू में छात्राओं से यौन उत्पीड़न के दोषी कांग्रेस सांसद प्रोफेसर बिमोल अकोइजम को राहुल गांधी द्वारा संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई और महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा का मुद्दा बुलंद किया। प्रदर्शन भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी की अगुवाई में हुआ। अनीता त्रिपाठी ने कहा कि जेएनयू में बेटियों के साथ हुआ दुर्व्यवहार बेहद निंदनीय है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

शांतिपूर्ण त्योहारों को सम्पंन कराये अधिकारी



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम ।

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने सोमवार को उदयन सभागार में आगामी त्यौहार-दशहरा, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज एवं छठ पूजा आदि त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से अब तक की गई कार्यवाहियों/तैयारियों-थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठक आदि जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि स्ट्रीट लाईट क्रियाशील रहें एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखी जाएं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रतिमा विसर्जन मार्गों का भ्रमण कर साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत से कहा कि विद्युत के ढीले तारों को ठीक करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों/आयोजकों से उनकी समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभ्रांत नागरिकों ने कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि वालंटियर नियुक्त कर उनकी सूची सम्बन्धित थानों में उपलब्ध करा दिया जाय। पाण्डाल में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया जाए। प्रतिमा स्थापित स्थलों पर सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन किया जाए। गैर परंपरागत कार्यों को न किया जाए। निर्धारित आवाज में ही डी.जे. बजाया जाए तथा अश्लील गानों को न बजाया जाए। उन्होंने कहा कि आपकी कोई भी समस्या हो, तो तत्काल थाना प्रभारी, उप जिलाधिकारी या उन्हें अवश्य अवगत कराएं। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। अगर कोई व्यक्ति जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन न किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा०) शालिनी प्रभाकर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगणों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा संभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहें।

मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए १६ से चलेगा अभियान

कौशांबी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिन व्यक्तियों द्वारा अभी तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं सम्मिलित करा पाए है, ऐसे अवशेष पुरूष/महिला मतदाताओं के नाम निर्वाचन नामावली में सम्मिलित कराने के उद्देश्य से दिनांक १६ अक्टूबर, २०२६ से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म-६ के आधार पर नाम सम्मिलित कराने का अभियान जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों में कराया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वे दिनांक १० अप्रैल, २०२६ को अंतिम रूप से प्रकाशित की गई मतदाता सूची का अवलोकन मतदेय स्थलों पर करते हुए, यदि उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है तो फॉर्म-६ के आधार पर अपना नाम सम्मिलित करा सकते है। मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए यदि कोई शिकायत अथवा जानकारी प्राप्त करना चाहते है तो संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

कुबरी घाट पर गंगा में मिला महिला का शव

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कुबरी गंगा घाट पर सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे गंगा के तेज बहाव में एक अज्ञात महिला का शव बहकर पहुंच गया। शव को देखकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं और पुरोहितों ने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही कड़ा धाम थाना के देवीगंज चौकी प्रभारी कालिका प्रसाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को गंगा से बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने घाट के पुरोहितों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ किया तो पता चला शव मानिकपुर प्रतापगढ़ की ओर से गंगा के तेज बहाव में यहां पर आया है। पुलिस ने महिला की फोटो आसपास के थानों और प्रतापगढ़ जिले के थानों में भेजकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। महिला की उम्र करीब ५० वर्ष बताई जा रही है। वह ब्लाउज-पेटीकोट पहने थी तथा शरीर पर चांदी के आभूषण भी मिले हैं। पुरोहितों और पुलिस के अनुसार आशंका है कि गंगा में स्नान के दौरान पैर फिसलने से महिला तेज बहाव में डूब गई होगी। शव के शरीर पर कहीं भी चोट आदि के निशान नहीं है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है और महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

भाकियू अम्बावता के बैनर तले किसानों ने घेरा कलक्ट्रेट

कौशाम्बी। गांवों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और सिंचाई संकट के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन अंबावता ने मोर्चा खोल दिया है।

सोमवार को जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय की अध्यक्षता में मंझनपुर के डायट मैदान में आयोजित मासिक बैठक में किसानों की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। इसके बाद कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश को सौंपते हुए जल्द निस्तारण की मांग की। किसानों ने चायल तहसील के चिल्ला शाहबाजी गांव में कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते की समस्या उठाई। ग्रामीणों के मुताबिक खराब मार्ग से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में परेशानी होती है। एंबुलेंस, पुलिस वाहन और स्कूली वैन के पहुंचने में भी दिक्कत आती है। वहीं नेवादा ब्लाक के बड़ा पिपरहाटा गांव में करीब १५० बीघा कृषि भूमि की सिंचाई के लिए सरकारी नलकूप लगवाने की मांग की गई। किसानों का आरोप है कि जमीन चिह्नित होने और भूमि दान किए जाने के बावजूद करीब १६ महीने बाद भी बोरिंग का काम शुरू नहीं हुआ है। बैठक में राम प्रकाश पाठक, शिवशंकर पांडेय, प्रेमचंद्र, अश्विन कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, रत्नावली देवी और सुषमा देवी राकेश कुमार शिव प्रसाद समेत कई किसान मौजूद रहे।

आतिशबाजी को लेकर डीएम ने व्यवसाइयों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। आगामी त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में व्यवसाईयों के साथ बैठक किए।

जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने सोमवार को उदयन सभागार में आगामी त्योहारों दशहरा (महाअष्टमी, महानवमी एवं विजयदशमी), धनतेरस, दीपावली, नरक चतुर्दशी, गोवर्धन पूजा, भैयादूज एवं छठ पूजा के दृष्टिगत जनपद के समस्त बनी-बनाई आतिशबाजी (पटाखा) विनिर्माण, भंडारण एवं विक्रय के अनुज्ञप्तिधारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने अनुज्ञप्तिधारियों को आतिशबाजी के विनिर्माण, भंडारण एवं बिक्री में निर्धारित नियमों तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है और पटाखों के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। आतिशबाजी का भंडारण एवं विक्रय केवल निर्धारित एवं अनुमन्य स्थलों पर ही किया जाए। लाइसेंस की शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अग्नि सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध रखे जाएं। दुकानों एवं भंडारण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, निर्धारित क्षमता से अधिक आतिशबाजी का भंडारण न किया जाए तथा ज्वलनशील पदार्थों से सुरक्षित दूरी बनाए रखी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन, ४५१ ग्राम पंचायतों में ३२,३०० श्रमिकों को मिला रोजगार



गांव में रोजगार मिलने के बाद कार्य करतीं महिलाएं ।

कौशाम्बी। विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत सोमवार को जनपद कौशाम्बी की समस्त ४५१ ग्राम पंचायतों में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जनपद में कुल ३२,३०० श्रमिकों को नियोजित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया।

अभियान के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड नेवादा की ग्राम पंचायत बसुहार में संचालित तालाब खुदाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। वहीं, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) द्वारा विकासखंड मंझनपुर में तथा उपायुक्त (स्व-रोजगार) द्वारा विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। विशेष रोजगार सृजन दिवस के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विकासखंड स्तर पर समस्त खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकाधिक ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया गया। इस अभियान से एक ओर जहां ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों में तालाब खुदाई सहित विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से उपयोगी परिसंपत्तियों का सृजन भी किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं एवं ग्रामीण विकास को भी गति मिल रही है। जनपद प्रशासन द्वारा अभियान के प्रभावी संचालन, कार्यों की गुणवत्ता एवं अधिकाधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है। जिससे बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सके।

पति ने पत्नी को पीटा, दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में शनिवार की रात पति ने पत्नी की लाठी डंडे से पिटाई किया। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडिता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के केवट पुरवा गांव निवासी संतोष कुमार मिश्र पुत्र राज नारायण मिश्र ने बताया कि उसने अपनी बेटी प्रीती मिश्र की शादी ८ साल पहले करारी इलाके के इब्राहिमपुर गांव निवासी राहुल मिश्र पुत्र इंद्र नारायण के साथ की थी। १० अक्टूबर की रात पति ने अकारण उसकी बेटी की डंडे से पिटाई की। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीडिता ने यह बात अपने पिता से बताई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति राहुल मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

एससी,एसटीके अभ्यर्थियों के टेलरिंग एवं सामान्य कम्प्यूटर ट्रेड में साक्षात्कार कल

कौशांबी। अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु प्रशिक्षण योजना वर्ष २०२५-२६ के अंतर्गत टेलरिंग एवं सामान्य कम्प्यूटर ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा दिनांक १४ अक्टूबर २०२६, दिन बुधवार को प्रातः ११:०० बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, कौशाम्बी में आयोजित किया जाएगा।

इन ट्रेडों में ऑनलाइन आवेदन करने वाले ऐसे सभी अभ्यर्थी, जिनके आवेदन पत्र कार्यालय स्तर पर प्रपत्र सत्यापन एवं जांच के उपरांत सही पाए गए हैं, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र तथा सभी आवश्यक संलग्नकों, जैसे आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय के लैंडलाइन नंबर ०५३३१-२९८६६४ पर कार्यालय कार्यदिवस में प्रातः १०:०० बजे से सायं ०५:०० बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

पीपीएस में एनसीसी रक्षा फाउंडेशन का पांच दिवसीय शिविर संपन्न, ८० कैडेटों ने दी परीक्षा



एनसीसी कैडेट शिविर में प्रशिक्षण लेती छात्रा।

चायल,कौशाम्बी। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज (पीपीएस) में एनसीसी कैडेट रक्षा फाउंडेशन के पांच दिवसीय अस्थायी शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण अनुशासन नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक डा० प्रभु शंकर शुक्ल ने क्वार्टर गार्ड पर भूमि पूजन कर किया।

शिविर के दौरान कैडेटों को परेड, ड्रिल, कमांड, राइफल परेड, गार्ड ऑफ ऑनर पायलेटिंग आर्मी बैंड और मार्च पास्ट सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेटों में अनुशासन, आत्मविश्वास टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया। शिविर के अंतर्गत बुधवार को ए और बी ग्रेड की वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई जिसमें ८० कैडेटों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों का ड्रिल कमांड टेस्ट, ड्रिल स्क्वॉड टेस्ट और साक्षात्कार लिया गया। परीक्षा के माध्यम से कैडेटों की प्रशिक्षण क्षमता अनुशासन और व्यावहारिक दक्षता का मूल्यांकन किया गया। शिविर के दौरान कैडेट रक्षा फाउंडेशन की ओर से रैंक समारोह एवं पदोन्नति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें संगठन के प्रति समर्पण अनुशासन नेतृत्व क्षमता कार्यकुशलता सेवा भावना और योगदान के आधार पर कैडेट अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में पीपीएस प्रयागराज में कक्षा १० के छात्र कैडेट अंडर ऑफिसर सौरभ पाल को कैडेट अंडर ऑफिसर के पद का दायित्व ग्रहण कराया गया। उन्हें गोल्डन स्ट्रिप प्रदान किए जाने का उल्लेख किया गया। वहीं दिव्या यादव को एडीसीओ पद पर पदभार ग्रहण कराया गया। उनके रैंक पर गोल्डन स्टार निर्धारित किया गया। संगठन के प्रति तीन वर्षों के समर्पित कार्य और निरंतर योगदान को उनकी पदोन्नति का आधार बताया गया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के शिविर युवाओं में अनुशासन नेतृत्व जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के सफल आयोजन से कैडेटों को प्रशिक्षण के साथ अपनी प्रतिभा और क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

महिला को धक्का देकर गड्ढे में गिराया

कौशाम्बी। महेवाघाट के बैरागीपुर गांव में मामूली बात पर महिला को परिवार की ही महिला ने धक्का देकर गड्ढे में गिरा दिया। इससे उसको चोटें आई हैं। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बैरागीपुर गांव निवासी मुन्नालाल पुत्र इंद्रसेन ने बताया की रविवार की सुबह उसकी पत्नी दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच उसके भाई छोटू की पत्नी शंकुतला देवी ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। उसकी पत्नी ने विरोध किया तो उसको धक्का देकर गड्ढे में गिरा दिया। इससे उसके सिर व शरीर में चोटें आईं। मुन्नालाल की तहरीर पर पुलिस ने शकुंतला देवी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है, कि आरोप सही पाये जाने पर कारवाई किया जायेगा।

अहिल्या उद्धार एवं फुलवारी लीला का हुआ मंचन

श्रीराम के चरण स्पर्श से हुआ अहिल्या का उद्धार, फुलवारी प्रसंग ने मोहा मन,मनौरी बाजार में रामलीला का आयोजन शुरू



रामलीला में मंचन करते कलाकार ।

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय में हिन्दू धर्म सभा श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में सोमवार रात अहिल्या उद्धार और फुलवारी लीला का मंचन किया गया। लीला देखने के लिए नगर व आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। मंचन के दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा।

रविवार को रामलीला मंचन में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जनकपुर की ओर जाते हैं। रास्ते में श्रीराम के चरण स्पर्श से श्रापित अहिल्या का उद्धार होता है। भगवान के दर्शन पाकर अहिल्या भावविभोर हो उठती हैं। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इसके बाद जनकपुर की फुलवारी लीला का मंचन हुआ। माता सीता अपनी सखियों के साथ पुष्प वाटिका में पहुंचती हैं, जहां भगवान श्रीराम और लक्ष्मण भी आते हैं। फुलवारी में श्रीराम और सीता के प्रथम दर्शन के प्रसंग को कलाकारों ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष आशीष केशरवानी उर्फ बच्चाभाई, महामंत्री पंकज गामा, पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, रिंकू केसरवानी, संगठन मंत्री झल्लर चौरसिया, मंत्री सुनील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सोनालाल, अजय वर्मा, रोहित गुप्ता, सुशील केसरवानी, संदीप केसरवानी सहित स्थानीय नागरिकों एवं आसपास के समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मनौरी बाजार में वर्षों पुरानी ऐतिहासिक रामलीला के मुकुट पूजन एवं शुभारंभ अवसर पर धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन का शुभारंभ थाना प्रभारी पुरामुफ्ती शांतनु सिंह ने फीता काटकर किया। उनके उद्घाटन के साथ ही रामलीला मंचन की तैयारियों और आयोजन को लेकर उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

मनौरी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों सत्य की विजय, धर्म की रक्षा और अधर्म के अंत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाता है। आयोजन में पुलिस अधिकारियों, रामलीला मेला समिति के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर थाना प्रभारी पिपरी चंद्रभूषण मौर्या, अर्जुन सिंह एसएसआई पुरामुफ्ती, लाल साहब चौकी इंचार्ज चायल तथा उपनिरीक्षक राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे। रामलीला मेला समिति की ओर से अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी, मेला प्रबंधक दीपू केसरवानी, संरक्षक जगदीश केसरवानी एवं शंभू लाल केसरवानी, मेला प्रमुख वीरेंद्र केसरवानी उर्फ गुड्डू मंत्री जी, मेला उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी, उपाध्यक्ष मनोज केसरवानी, राधे केसरवानी, नगर अध्यक्ष सुधीर केसरवानी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, राजू केसरवानी तथा मीडिया प्रभारी अनूप केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

परशुराम-लक्ष्मण संवादा आज

मंझनपुर मुख्यालय में हिन्दू धर्म सभा श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार रात परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन होगा। धनुष भंग के बाद जनक दरबार में पहुंचेगें।

पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला आयोजित

चायल,कौशाम्बी। पशुपालन विभाग के तत्वावधान में सोमवार, १२ अक्टूबर २०२६ को विकासखंड मूरतगंज के ग्राम मरघरा में पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का एकदिवसीय आयोजन किया गया। आरोग्य मेले का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हरिमोहन मौर्य जी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को काफी राहत मिलती है। मेले के दौरान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए पशुपालक अपने-अपने पशुओं को लेकर पहुंचे। पशु चिकित्सा टीमों द्वारा मेले में लगभग ५१० पशुओं की जांच स्वास्थ्य चिकित्सा और कृमिनाशक दवा का मुफ्त वितरण किया गया। इसके साथ ही पशुओं को विभिन्न गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए आवश्यक टीकाकरण एवं चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। शिविर में उपस्थित विभागीय विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्रीय पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। योजनाओं की जानकारी मिलने पर उपस्थित सभी पशुपालकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विभाग का आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार एवं डॉ. राघवेंद्र सिंह सहित पशुपालन विभाग के अन्य कर्मचारियों का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।

बाधाओं से मुक्ति के लिए भक्तों ने की ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा

कड़ा,कौशाम्बी। ५१शाक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त कडा के विभिन्न घाटो पर स्नान कर माता शीतला के दरबार पहुंचे। नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने माता ब्राम्हाचारिणी स्वरूप की पूजा की इनकी पूजा का पौराणिक महत्व बताया गया है कि इनकी पूजा करने से मनुष्य के सभी कार्य पूरे होते है और कायी में आनेवाली वाली रुकावटें ,बाधाएं दूर हो जाती हैं ,तप,त्याग,आंतरिक शाक्ति जैसे गुणो की प्राप्ती होती है और इनके आशीर्वाद से सभी तरह की परेशानिया खत्म होती हैं। माता ब्राम्हाचारिणी को उमा,अर्पणा, तपश्चारिणी नामो से भी जाना जाता है।मान्यता हैं कि सती के आत्मदह कर लेने के बाद पार्वती का जन्म हुआ और भगवान शंकर से विवाह के लिये हजारों सालो तक तपस्या की थी। माता ब्राह्मणचारिणी की पूजा के लिये पीले या सफेद वस्त्र धारण करना चाहिए,तथा इन्हें चीनी से बनी वस्तुएं अत्यंत प्रिय है और अडहूल फूल, कमल, लौग, अक्षत, इलायची, अर्पित करना चाहिए। नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ जरूर करना चाहिए इससे भक्तो की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मां ब्राम्हाचारिणी के लिए ऊं ऐं नमः मंत्र जाप करना चाहिए।कडाधाम में नवरात्रि के दूसरे दिन प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही वही कडाधाम थानाध्यक्ष महेश सिंह समय समय पर मय फोर्स मेंले व मंन्दिर का निरीक्षण करते दिखे।

दंगल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों का हाथ मिलवाते मुख्य अतिथि।

टेढ़ीमोड़,कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में आयोजित दो दिवसीय विशाल इनामी दंगल का रविवार को भव्य समापन हुआ। दंगल में विभिन्न प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेच दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक मौजूद रहे।

सिराथू तहसील क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में आयोजित दो दिवसीय विशाल इनामी दंगल का रविवार को भव्य समापन हुआ। दंगल में विभिन्न प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेच दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक मौजूद रहे। दंगल के मुख्य मुकाबले में टेंवा के राजेश पहलवान ने मेरठ के जाकिर पहलवान को पटखनी देकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। वहीं, कन्नौज के शैलेंद्र पहलवान ने राजस्थान के पायल पहलवान को हराया। कौशाम्बी के अंकुर ने मेरठ के राजू पहलवान को पराजित किया, जबकि फतेहपुर के जितेंद्र और टेंवा के अल्फाज ने महाराष्ट्र के विजय पहलवान को पटखनी दी। इसके अलावा कौशाम्बी के राजेश पहलवान ने रिजवान को शिकस्त देकर मुकाबला जीता। वहीं, चायल के मोहित और कोटवा के नरेश के बीच कुश्ती बराबरी पर छूटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम सिंह कुशवाहा एवं मनकुश सोनकर तथा प्रवीर तिवारी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। दंगल में पहलवानों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का खूब उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने अपनी जरूरतो के सामानो की खरीदारी भी किए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी आयोजन किया गया। जिससे मेला में आये लोगों को कोई परेशानी हो। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, पहलवानों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकः शिव हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट, हिसामपुर परसखी मेला अध्यक्ष अमरीश पाण्डेय कुल्ली महराज आदि मौजूद रहे।

सूचना - मैं इरफान अहमद मंसूरी पुत्र पीर मोहम्मद निवासी अषाढ़ा पोस्ट बैशकांटी, करारी, करारी कौशाम्बी बहलफनामा बयान करता हूँ कि पूर्व में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम इरफान अहमद दर्ज हो गया था, मेरा आधार नंबर ३८४०६८२७५३६६ है,जबकि मैंने अपने आधार कार्ड में संशोधन करवाते हुए इरफान अहमद मंसूरी दर्ज करवा लिया है, आज से मुझे इरफान अहमद मंसूरी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अदालती सूचना - न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)जनपद कौशाम्बी, मुकदमा नंबर- डी २४२६०२४२००००६५१/२०२६, धारा ३० (२) रा० संहिता, सोना देवी बनाम कमला देवी आदि मौजा ओसा परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी के वाद में प्रतिवादी पक्षकार कमला देवी पत्नी रामचंद्र निवासिनी ओसा, परगना करारी,तहसील मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी, किरन सरोज पत्नी विजय बहादुर निवासिनी बिसारा, परगना कड़ा, तहसील सिराथू, जनपद कौशाम्बी, गोविंद प्रसाद पुत्र भइया लाल निवासी अमवा, परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी, मालती देवी पत्नी राकेश कुमार निवासिनी निंदूरा, परगना कड़ा, तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी, रमेश चंद्र पुत्र मिश्री लाल निवासी ओसा परगना करारी, तहसील मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को अदालत द्वारा हुक्म होता है कि दिनांक १६/१०/२०२६ को दोपहर १२ बजे तक आप स्वयं या जरिये अधिवक्ता अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई कर दी जाएगी।